हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 17 मार्च 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 एक महिने मॉनिटरिंग के बाद पुलिस ने चार स्थानों...



07 प्राचीन-नवीन प्रतिमाओं का पंचकल्याणक सातिशय...



## खबर संक्षेप

### पेट्रोल-डीजल, एलपीजी की निगरानी करेंगे अधिकारी

**नलखेड़ा।** जिले में पेट्रोल-डीजल, एलपीजी एवं सीएनजी की कालाबाजारी, ओवरचार्जिंग तथा अन्य अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं सतत निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर आरपी वर्मा द्वारा विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। जारी आदेशानुसार अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए समन्वय एवं समग्र निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को पेट्रोल, डीजल, एलपीजी एवं सीएनजी की उपलब्धता तथा वितरण व्यवस्था पर नियमित निगरानी रखने का दायित्व सौंपा गया है। अनुविभागीय दंडाधिकारियों (एसडीएम) को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोल पम्प एवं गैस एजेंसियों के विक्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण करने तथा कालाबाजारी अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को स्थानीय स्तर पर वितरण व्यवस्था की जांच एवं निरीक्षण कर प्रतिवेदन संबंधित एसडीएम को प्रेषित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### दुकानदारों को दिया फायर सेफ्टी प्रशिक्षण

**सीहोर।** 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले चैत्र नवरात्रि के अवसर पर सलकनपुर स्थित विजयासन देवी मंदिर पर में आयोजित मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसी क्रम में एसडीईआरएफ के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सलकनपुर के दुकानदारों के साथ बैठक कर उन्हें अग्नि सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण दिया। इस दौरान दुकानदारों को आग से बचाव के उपायों और आपात स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी।

## सिद्धपुर मांझी आदिवासी समाज ने एक दिवसीय पंचायत आयोजित की, समाजजन शामिल हुए

# मांझी समाज की एकता की पुकार: सम्मेलन में समाहित जातियों को जनजाति दर्जा दिलाने की उठाई आवाज

पंचायत के दौरान समाज के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष के समक्ष शहर में मांझी समाज के लिए एक सामुदायिक भवन बनाने की मांग प्रमुखता से रखी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सिद्धपुर मांझी आदिवासी समाज संघ की एक महत्वपूर्ण पंचायत रविवार को शहर के सैकड़ाखेड़ी रोड स्थित होटल सिल्वर इन में आयोजित हुई। इस पंचायत में समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी एकता और अधिकारों की आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत करते हुए अपनी विभिन्न सामाजिक और विकास से जुड़ी मांगों को उनके सामने रखा। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश रायकवार, महासचिव संतोष रायकवार,मनोज बाथम, मीडिया प्रभारी सुजीत रायकवार, राजेश मांझी सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

पंचायत के दौरान समाज के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष के समक्ष शहर में मांझी समाज के लिए एक सामुदायिक भवन बनाने की मांग प्रमुखता से रखी। समाज के प्रतिनिधियों का कहना था कि सामुदायिक भवन बनने से समाज के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक स्थायी स्थान मिलेगा। कहा कि मांझी समाज का शहर में बड़ा योगदान रहा है और उनके लिए एक सामुदायिक भवन बनना उनके सम्मान और पहचान से जुड़ा विषय है।



### समाहित जातियों को जनजाति का दर्जा देने की मांग

आयोजन में समाज के वरिष्ठ सहयोगी अमन लोरिया सहित समाज के लोगों ने ऐतिहासिक रूप से मांझी जनजाति से जुड़ी ढीमर, भोई, केवट, कहार और मल्लाह जातियों को भी अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग उठाई। सामाजिक संगठनों का कहना है कि संविधान के अनुच्छेद 342 के अंतर्गत वर्ष 1950 में मांझी जनजाति को मान्यता दी गई थी। कई ऐतिहासिक दस्तावेजों और जनगणना अभिलेखों में इन जातियों को मांझी समुदाय के साथ समाहित बताया गया है। इसके बावजूद आज भी इन समुदायों को जनजातीय अधिकारों और सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। समाज के लोगों ने सरकार से मांग की कि उच्चस्तरीय जांच कर इन जातियों को मांझी के मूल समुदाय के रूप में मान्यता दी जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

### मीडियाकर्मियों का सम्मान

कार्यक्रम में समाज की ओर से आयोजन में शामिल मीडियाकर्मियों का भी सम्मान किया गया। समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश रायकवार और अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने भगवान निषाद राज की प्रतिमा भेंट कर पत्रकारों को सम्मानित किया। इस दौरान समाज के लोगों ने एक स्वर में अपनी प्रमुख मांगों को सरकार तक पहुंचाने की अपील भी की। पंचायत का समापन समाज की एकता, सम्मान और अधिकारों की भावना के साथ हुआ।

### पदाधिकारियों और समाजजनों की रही सक्रिय भागीदारी

कार्यक्रम में समाज के अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। इनमें अध्यक्ष ओमप्रकाश रायकवार, मुख्य संरक्षक मनोहर रायकवार (बाबा), वरिष्ठ उपाध्यक्ष गेंदालाल रायकवार और मधु रायकवार, कोषाध्यक्ष यागेश रायकवार, आशीष रायकवार और गोविंदा रायकवार, महासचिव संतोष रायकवार (मंडी) के साथ मनोज बाथम, सुजीत रायकवार और राजेश मांझी शामिल रहे। इसके अलावा संरक्षक गोपाल रायकवार, घासीराम (घनश्याम) रायकवार, रामदयाल नाविक, लक्ष्मण सिंह रायकवार और राम बाथम भी उपस्थित रहे। संगठन मंत्री विजय रायकवार के साथ गुड्डा रायकवार, अनिल रायकवार, नरेंद्र बाथम, गणेश रायकवार, मनोज केवट, अजय रायकवार, पवन केवट, हेमंत रायकवार और विनोद रायकवार सहित समाज के कई अन्य सदस्य भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने आश्वासन दिया

मीडिया प्रभारी सुजीत रायकवार ने बताया कि कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने समाज की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि नगर पालिका स्तर पर सामुदायिक भवन निर्माण की दिशा में सकारात्मक पहल की जाएगी। उन्होंने बताया कि समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए शहर के पुराने बस स्टैंड का नामकरण निषाद राज चौराहा किया जा चुका है। साथ ही मछली बाजार स्थित मार्केट को भी व्यवस्थित रूप देने की योजना पर काम करने की बात कही। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि मांझी जनजाति से जुड़ी अन्य जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग सरकार के समक्ष रखी जाएगी।

### समाज में कुरीतियों को समाप्त करने पर भी चर्चा

पंचायत के दौरान समाज के विकास और सामाजिक सुधार को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने और नई पीढ़ी को शिक्षा व जागरूकता के माध्यम से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। अध्यक्ष ओमप्रकाश रायकवार सहित अन्य वरिष्ठ लोगों ने समाज को संगठित रहकर प्रगति की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

## गणगौर पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा

**सीहोर।** अग्रवाल महिला मंडल और माहेश्वरी मंडल द्वारा सीहोर में परंपरा अनुसार गणगौर पर्व मनाया जा रहा है। जिसमे रविवार को गणगौर शोभा चांडक के निवास स्थान पर स्वागत किया गया।

गणगौर में महिलाओं ने पहले पारस्परिक गीत गाये और बाद में ईशर गौरा को झाले दिए जिसमे महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ गणगौर पर्व को बनाया। इस पर्व में सभी सोलह श्रृंगार करके महिलाए अपने घर से निकलती है।

अग्रवाल पंचायती भवन से गणगौर लेकर सभी ढोल ढमाके के साथ गणगौर लेकर बाघ बगीची में जाते हैं। सोमवार को गणगौर ज्योति अग्रवाल के अग्रसेन ट्रेडिंग निवासस्थान इंग्लिशपुरा जाएगी।



रुक्मणी रोहिला अध्यक्ष अग्रवाल महिला मंडल, अमिता अरोरा, नमिता राय, सोनल राठौर, शालिनी माहेश्वरी, प्रेमलता रूठिया, तारा अग्रवाल, मालती अग्रवाल, संध्या मोदी, मंजू भारतीय, ज्योति रूठिया, मधु गोयल, ममता पितलिया सभी ने उस पर्व को मनाने की कामना की है।

### त्यागीजी महाराज की पुण्यतिथि पर कन्या भोज का आयोजन आज



**नलखेड़ा।** प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के संत जानकी वल्लभदास त्यागी जी महाराज तथा रामदास त्यागी जी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धालुओं द्वारा कन्या भोज का कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है। श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर मंगलवार को त्यागी जी महाराज की पुण्यतिथि पर नगर की कन्याओं का कन्या भोज कार्यक्रम रखा गया जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं द्वारा भाग लिया जाएगा। ज्ञात रहे कि त्यागी जी महाराज ने अपने जीवन में कभी अन्न ग्रहण नहीं किया केवल फलाहार, फल एवं दूध पर ही उन्होंने अपना पूरा जीवन गुजारा था। त्यागी जी महाराज श्री जानकी वल्लभ दास जी राम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष रहे। महंत नृत्य गोपाल दास के गुरु भाई थे।

### नवरात्रि पर्व के दौरान मां बगलामुखी मंदिर में अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित

**नलखेड़ा।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां बगलामुखी मंदिर में श्रृद्धालुओं के दर्शन, हवन, पूजन एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर आरपी वर्मा द्वारा अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। जारी आदेश के अनुसार 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक मंदिर परिसर एवं आसपास क्षेत्र में व्यवस्थाओं के संचालन एवं भीड़ प्रबंधन हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समयानुसार दायित्व सौंपे गए हैं। यह व्यवस्थाएं अनुविभागीय दण्डाधिकारी सुसनेर-नलखेड़ा के मार्गदर्शन तथा मंदिर प्रबंध समिति एवं तहसीलदार के समन्वय से संचालित की जाएंगी। अधिकारियों को अलग-अलग तिथियों एवं समयावधि में प्रातः 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक की शिफ्टों में नियुक्त किया गया है। जिसमें 19 से 21 मार्च तक प्रातः 06 बजे से दोपहर 12 बजे तक सहायक महाप्रबंध, उद्योग विभाग राम सोलंकी, दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी रामसिंह मौर्य तथा शाम 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राजीव गुप्ता की ड्यूटी लगाई है। इसी तरह 22 मार्च से 24 मार्च तक के लिये प्रातः 06 बजे से दोपहर 12 बजे तक उप संचालक कृषि विजय चौरसिया, दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक सहायक कृषि यंत्री अंशुल बरोड़ तथा शाम 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक प्रभारी प्रबंधक एमपी एग्रो सुनील कुमार चौधरी की ड्यूटी लगाई है। 25 मार्च से 27 मार्च तक प्रातः 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम अभय जैन, दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक नायब तहसीलदार रतनलाल चौहान तथा शाम 06 बजे से रात्रि 12 बजे तक नायब तहसीलदार रामगोपाल शर्मा की ड्यूटी लगाई है। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए कानून व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं श्रृद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करें।

## विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जागरुकता कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर जिला खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर आगर में उपभोक्ता जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम एवं खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट की पहचान तथा सुरक्षित एवं जागरूक खरीदारी के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय उपभोक्ता संगठन के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रचार संगठन मंत्री बृजआदित्य शर्मा एवं एडवोकेट हरिनारायण राठौर ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम एवं उपभोक्ता अधिकारों के विभिन्न प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की अपील की। इस अवसर पर जिला सहायक खाद्य सुरक्षा अधिकारी बीएस जामोद ने खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच की प्रक्रिया तथा आम उपभोक्ताओं द्वारा अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला आपूर्ति अधिकारी एमएल मालवीय, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम अभय जैन, मेघा सीएनजी गैस से मुरारी लाल, उपभोक्ता उत्थान संगठन के पदाधिकारी दिनेश आर्य एवं सुरेश जादव, गंगा इंडियन गैस से अजय सोनी सहित नापतौल विभाग एवं दूरसंचार विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019, खाद्य अपमिश्रण से बचाव तथा जागरूक उपभोक्ता बनने के उपायों पर जानकारी दी।




## 'दिशा' बैठक में बाहरी दखल पर भड़के कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती बोले: अगर भाजपा जिलाध्यक्ष आ सकते हैं तो मुझे भी बुलाए प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित 'दिशा' की बैठक के बाद अब जिले की सियासत गर्मा गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बैठक में नियमों की अनदेखी और भाजपा पदाधिकारियों की मौजूदगी पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि शासकीय बैठकों में बाहरी लोग बेरोकटोक आ-जा सकते हैं तो कांग्रेस को भी जनता की आवाज उठाने के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए।

राजीव गुजराती ने 'दिशा' जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की संरचना का हवाला देते हुए कहा कि इस बैठक में केवल निर्वाचित जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी ही शामिल हो सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कलेक्ट्रेट सभागार में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष और पूर्व जिलाध्यक्ष की मौजूदगी पर सवाल उठाते हुए गुजराती ने कहा अगली बार से शासकीय बैठकों में भाजपा पदाधिकारियों के साथ हमें भी आमंत्रित करें, ताकि हम भी जनता की समस्याओं को प्रशासन के सामने रख सकें।



**शिवराज जी, सीडी नहीं... सीधे नर्मदा किनारे चलकर सच देखें :** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा अवैध उत्खनन पर दिखाई गई नाराजगी को गुजराती ने 'खीज मिटाना' करार दिया। गुजराती ने कहा कि केवल फोटो-वीडियो दिखाने से काम नहीं चलेगा। गुजराती ने कहा, आइए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर साथ में नर्मदा क्षेत्र का दौरा करते हैं। जनता के सामने यह सच्चाई आनी चाहिए कि आपके 18 साल के मुख्यमंत्री काल और वर्तमान सरकार में मां नर्मदा का सीना किस तरह छलनी किया गया है।

### सरकार और सिस्टम पूरी तरह फेल

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बैठक में विधायकों द्वारा अपनी ही सरकार के अफसरों पर लगाए गए आरोपों को आधार बनाकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा विधायक सुदेश राय ने खुद स्वीकार किया कि बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी वसूली कर रहे हैं।

विधायक रमाकांत भार्गव को सरकारी योजनाओं की जानकारी तक नहीं दी जा रही। विधायक गोपाल सिंह अपनी विधानसभा के गांवों को योजना में नहीं जुड़वा पा रहे। गुजराती ने कहा कि जब सत्ताधारी दल के विधायक और केंद्रीय मंत्री खुद भ्रष्टाचार और अफसरों की मनमानी की बात कर रहे हैं तो यह साफ है कि प्रदेश सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है।

### भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच की मांग

राजीव गुजराती ने मांग की है कि केंद्रीय मंत्री और विधायकों ने जिन अधिकारियों (डीएफओ, माइनिंग और डीडीए) पर भ्रष्टाचार और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं, उनके खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज होनी चाहिए और उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने बुधनी-गोपालपुर सडक़ के कछुआ चाल कार्य और क्षेत्र में हो रही वनों की कटाई पर भी गहरी चिंता व्यक्त की।

### प्रधानमंत्री की मंशानुसार नाली से गैस चूल्हा जलाने का भरसक प्रयास किया

# घरेलू रसोई गैस की कमी को पूरा करें व बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाएं: यादव





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव एवं नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर के नेतृत्व में गैस सिलेण्डरों की बड़ती महंगाई और गैस सिलेण्डर की किल्लत से जनहित में केन्द्र सरकार के विरोध में स्थानीय कोतवाली चौराहे पर जमकर नारे बाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही देश में गैस सिलेण्डर आपूर्ति में नाकाम प्रधान मंत्री के द्वारा नाली से गैस बनाने वाले भाषण पर कांग्रेसजनों ने भी नाली में पाइप लाइन डालकर गैस चूल्हा जलाने की कोशिश भी की गई।

इस पर शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री देश की जनता को मूर्ख बनाना बंद करे और घरेलू रसोई गैस की कमी को पूरा करें और बढ़ती कीमतों पर लगाम लगायें। क्योंकि गैस की किल्लत के कारण आम जनता की रसोई प्रभावित हो रही है और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर ने कहा कि केंद्र सरकार आम लोगों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। हमारी मांग है कि घरेलू गैस की आपूर्ति सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाए और कीमतों को नियंत्रित किया जाए ताकि जनता को राहत मिल सके। आज देश की जनता केन्द्र सरकार की विफलता का नतिजा भुगत रही है, जनता अब भलिभांति जान चुकी है कि हमें केवल मूर्ख बनाया जा रहा है, इसका मूहतोड़ जवाब जनता आगामी चुनावों देगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महेश दयाल चौरसिया, ओम वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, रमेश गुप्ता, प्रीतम दयाल चौरसिया, मनोज पटेल ब्लाक अध्यक्ष सिद्दिकगंज, नरेन्द्र खंगराले, आरती खंगराले, ममता शर्मा, ईश्वर सिंह चौहान, मुकेश ठाकुर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, मजीद अंसारी, राहुल ठाकुर, आसिफ अंसारी, गजराज परमार, जितेन्द्र परमार, हर्ष गुप्ता, मनीष मेवाड़ा, तनष्कि त्यागी, अनुभव सेन, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री वर्मा की पत्नी को दी श्रद्धांजलि



**भौरासा।** पूर्व मंत्री एवं सोनकच्छ क्षेत्र के पूर्व विधायक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा की धर्मपत्नी, स्व. गगन वर्मा एवं पवन वर्मा की माता सुभद्रा वर्मा का निधन रविवार को हो गया, जिनकी अंतिम यात्रा सोमवार सुबह 11:00 बजे निज निवास 122 पलसीकर कॉलोनी से रीजनल पार्क मुक्तिधाम (पिपलिया पाला) इंदौर ले जाई गई। उनकी शव यात्रा में क्षेत्र भर से सैकड़ो की संख्या में लोग पहुंचे। इस दौरान भौंरासा से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव,पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, पार्षद भादरसिंह भाटिया,अबरार गांधी, अफजल मंसूरी,दिनेश यादव,शुभम नागर,कांतिलाल यादव,मनोहर जीजा, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, पत्रकार अभय नागर आदि लोग इंदौर पहुंचे एवं श्रीमती वर्मा को श्रद्धांजलि दी।

### कार्रवाई कर घरेलू गैस सिलेंडर किए जब्त

**देवास।** जिला आपूर्ति अधिकारी देवास दिनेश अहिरवार ने बताया कि देवास नगर में संचालित होटल/रेस्टोरेन्टों की जांच विभाग द्वारा की गई। जांच दल द्वारा देवास के लगभग 15 प्रतिष्ठानों की जांच कर 04 प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेन्डरों का व्यावसायिक दुरूपयोग करते पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही कर प्रकरण तैयार किये गये। कार्यवाही में प्रतिष्ठान जोधपुर स्वीट्स विकास नगर से 01 घरेलू सिलेण्डर, श्याम चाट भंडार जवाहर चौक से 02 घरेलू सिलेण्डर, संतुष्टि रेस्टोरेन्ट से 03 घरेलू सिलेण्डर, रवि भोजनालय से 02 गैस सिलेन्डर जप्त किये गये। जिला आपूर्ति अधिकारी देवास ने बताया कि प्रतिष्ठानों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत कर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। जांच कार्यवाही में सहायक आपूर्ति अधिकारी भानसिंह राय एवं धर्मेन्द्र वर्मा शामिल थे।

---

देवास पुलिस ने नशे के संगठित गिरोह का किया पर्दाफाश

# एक महिने मॉनिटरिंग के बाद पुलिस ने चार स्थानों पर दबिश देकर 14 को पकड़ा

**गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने 64 ग्राम एमडी ड्रग्स सहित 10 लाख का मश्रुका किया जप्त।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रदेश पुलिस के नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान "नशे से दूरी है जरूरी"का संचालन एसपी पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में अवैध मादक की खरीद - फरोख्त करने वाले आदतन अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई में एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस सीएसपी सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्यामचन्द्र शर्मा,थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया,थाना प्रभारी पीपलरावां निरीक्षक सुबौध कुमार गौतम,थाना प्रभारी बैंक नोट प्रेस निरीक्षक प्रीति कटारे के नेतृत्व में अलग – अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध मादक की खरीद - फरोख्त करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया।कार्रवाई की जानकारी देते हुए एसपी गेहलोत ने बताया कि प्रदेश स्तर पर अवैध मादक तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

देवास पुलिस की टीम ऐसे संगठित गिरोहों पर नजर रख रही थी, जो विशेष रूप से युवा पीढ़ी को नशे की लत में धकेलते हैं। एक विशेष योजना के तहत 12 घंटे के भीतर चार अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश दी गई। जिसमे बैंक नोट प्रेस, पीपलरावां, कोतवाली और औद्योगिक क्षेत्र थानों की पुलिस ने यह कार्रवाई की, जिसमें कुल 14 आरोपी पकड़े गए। उनके पास से लगभग 65 ग्राम एमडी ड्रग्स, एक सिल्वर रंग की इग्निस कार, एक रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल और 14 मोबाइल फोन जब्त किए गए।गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से अधिकतर के खिलाफ पहले से ही आपराधिक मामले दर्ज हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ में लगी है कि यह एमडी ड्रग्स वह कहां से लेकर देवास पहुंचते थे और कहा खपाते थे।- उक्त सराहनीय कार्य में थाना कोतवाली से थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्यामचन्द्र शर्मा,उनि जीवन भिण्डोरे,प्रआर सुनिल देथलिया,रवि गरोड़ा,जितेन्द्र पटेल,मनोज मौर्य,आर नवीन, सुजीत,वैभव,थाना पीपलरावां से थाना प्रभारी पीपलरावां निरीक्षक सुबोध कुमार गौतम, उनि कपिल नरवले,अरुण पिपल्दे, प्रआर संजय, कमल वर्मा, आरक्षक राजकुमार, महेन्द्र,धर्मेन्द्र,जसवीर, योगेश, बलराम, चेतन, आशीष, रविन्द्र जावरिया, मनोज, रविन्द्र, दीपक, थाना बैंक नोट प्रेस से थाना प्रभारी बैंक नोट प्रेस निरीक्षक प्रीति कटारे,उप निरीक्षक गौरीशंकर यादव,राहुल परमार,गोपाल चौधरी, रामकृष्ण शर्मा, कृष्णा सूर्यवंशी, मांगीलाल भगोरा, शिवराम डोडियार, राजेश जाधव, प्रआर अशोक जोसवाल, धर्मेन्द्र चित्तौडिया, राजेश मण्डोर, अभिषेक पाण्डेय, मनोज पटेल, भारत चौधरी, कमल वर्मा, स्वयंवर, अनिल उपलावदिया, आरक्षक उमेश भदौरिया, दिपेन्द्र, पंकज अजनोदिया, रोहित रोजडे, शंकर, रविदास, लक्की वर्मा, महिला आरक्षक शिवानी, मोनिका, प्रिया शर्मा, थाना औद्योगिक क्षेत्र से थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया, उनि प्रवीण राठौर, प्रआर शैलन्द्र,सुरेश,आर अजय, हर्षित, सैनिक राजेन्द्र, मयूर एवं सायबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान, शिवप्रताप सिंह सेंगर की सराहनीय भूमिका रही। सभी ने इस मामले में जमकर मेहनत की।

---

# जंगल में अवैध रूप से संचालित दो पटाखा निर्माण फैक्ट्री पर पुलिस ने दी दबिश

**2500 किलोग्राम विस्फोटक किया जब्त**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना उदयनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। जानकारी अनुसार क्षेत्र में पोलाखाल गांव अंतर्गत दुर्गम वन क्षेत्र में दो पटाखा फैक्ट्री विगत कुछ दिनों से संचालित थी, जहाँ दो दर्जन से अधिक श्रमिक कार्यरत हैं और इसका सरगना इंदौर का व्यवसायी है। उक्त सूचना पर एसपी पुनीत गेहलोद व्दारा बागली एसडीओपी संजय सिंह बैस एवं निरीक्षक बीडी बीरा की संयुक्त टीम गठित की गई जिनके द्वारा थाना उदयनगर पुलिस निरीक्षक सीएल रायकवार एवं उनके बल के साथ रविवार को पोलाखाल झोलपीपली में दो अलग अलग जगह पर दबिश दी गई।

इंदौर निवासी फैक्ट्री मालिक आरोपी संजय शर्मा व्दारा दो अलग अलग जगहो पर टीन शेड लगाकर विशाल भंडारण कर बडी मात्रा में अवैध सुतली बम बनाने का कार्य किया जाना पाया गया। टीम के व्दारा फैक्ट्री का सुक्ष्मता से मुआयना किया गया जो पाया गया कि आरोपी संजय शर्मा ने बिना किसी सुरक्षा एवं बिना किसी अनुमति के दो अलग अलग स्थान पर बडी मात्रा में अवैध रुप से सुतली बंम की फैट्री चला रहा था यदि पुलिस समय रहते कार्यवाही नही करती तो कोई भीषण एवं भयावह घटना घटित होने की पूर्ण संभावना थी।

उक्त दोनो स्थानो पर बनी फैक्ट्री से कुल 2500 किलो से भी अधिक मात्रा में बारुद एवं सुतली बंम बनाने की अन्य सामग्री जिसकी अनुमानित किमत 25 लाख से अधिक थी विधिवत जप्त कर कार्यवाही की गई। उक्त मामले में उदयनगर पुलिस ने आरोपी संजय शर्मा निवासी इन्दौर, सुनिल पिता रुपसिंह जाति भील उम्र 30 साल निवासी, नंदिया तलाब खरगोन, पातिया पिता रुपसिंह जाति भील उम्र 25 साल निवासी नंदिया तालाब खरगोन के विरूद्व अपराध क्रं0 83/2026 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 288 बीएनएस एवं आरोपी संजय शर्मा निवासी इन्दौर एवं श्यामलाल पिता फत्तु ठाकुर जाति भील उम्र 60 साल निवासी नेहरु नगर सिलीकांत नगर दरगार के पास राउ इन्दौर के विरुध्द विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 288 बीएनएस का पंजीबद्व कर विवेचना में लिया है। तीन मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

---

# गेहूं के दाम को लेकर किसानों ने मंडी में जमकर किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले की मुख्य अनाज मंडी देवास में सोमवार को किसानों ने गेहूं के उचित दाम न मिलने और भुगतान व्यवस्था को लेकर हंगामा किया। नाराज किसान कुछ देर के लिए सड़कों पर भी बैठ गए। किसानों का आरोप है कि मंडी में उनके गेहूं की बोली समर्थन मूल्य से काफी कम लगाई जा रही है। किसानों ने बताया कि व्यापारियों द्वारा अच्छी गुणवत्ता वाली उपज भी 2200 रुपए प्रति क्विंटल तक खरीदी जा रही है, जबकि सरकार द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2625 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। इसके अलावा, कैश और आरटीजीएस के



माध्यम से भुगतान को लेकर भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही थी।नाराज किसानों ने मंडी प्रांगण में अपना गेहूं बेचने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि उनकी उपज सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर ही खरीदी जानी चाहिए और भुगतान प्रक्रिया भी पारदर्शी होनी चाहिए।सोमवार को पहली पारी में जब मंडी व्यापारियों ने कम दाम पर बोली शुरू की, तो किसानों ने विरोध करते हुए फसल देने से मना कर दिया और सड़कों पर उतर आए। पहले नाराज किसानों को मंडी सचिव अरविंद परिहार ने मनाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर तहसीलदार सपना शर्मा और पूजा भाटी, बीएनपी थाना प्रभारी प्रीति कटारे मौके पर पहुंचीं और उन्होंने मंडी प्रशासन व किसानों के बीच चर्चा कर स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। किसानों और मंडी प्रशासन के बीच भुगतान और भाव को लेकर काफी देर तक बहस चलती रही। मंडी सचिव अरविंद परिहार ने भी किसानों को समझाने का प्रयास किया और उनके साथ सड़क पर बैठ गए। यह भी बताया गया कि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी अगले माह से शुरू की जाएगी।

### गो रक्षा दल में रघुवंशी बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**देवास।** गो रक्षा एवं हिंदूवादी विचारधारा को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रहे गो रक्षा दल मप्र ने संगठन का विस्तार करते हुए जितेन्द्र सिंह रघुवंशी (जीतू) को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह सिसोदिया द्वारा नियुक्ति पत्र जारी कर की गई। रघुवंशी की गो भक्ति, संगठन के प्रति समर्पण और हिंदू समाज के हितों में सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति पत्र में आशा व्यक्त की गई है कि रघुवंशी संगठन की नीतियों और उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए गो माता की सेवा एवं रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। साथ ही वे संगठन को मजबूत करने तथा समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

---

# बिजली कर्मचारी महासंघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ के महामंत्री भगवान स्वरूप श्रीवास्तव ने बताया कि ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के नाम महासंघ द्वारा मध्य प्रदेश के विद्युत कर्मियों की समस्याओं का निराकरण न होने के कारण प्रदेश स्तरीय आंदोलन की सूचना वृत्त देवास के कार्यपालन यंत्री गौरव संतोषी को दी गई।

बिजली कर्मियों की लंबित मांगों का निराकरण न होने पर महासंघ द्वारा प्रदेश व्यापी आंदोलन का बिगुल फूंक दिया गया है। महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पाण्डेय द्वारा ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को इस संबंध में एक औपचारिक सूचना पत्र भेजा गया है। महासंघ का आरोप है कि विभिन्न स्तरों पर बार-बार चर्चा और ज्ञापनों के बावजूद कर्मचारियों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। महासंघ द्वारा पूर्व में संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण,अनुकंपा नियुक्तियों में विसंगति के अतिरिक्त अन्य मांगे रखी गई थी। महासंघ ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया, तो प्रदेश के प्रत्येक जिले से कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल होंगे। पत्र की प्रतियां प्रबंध निदेशक और अन्य उच्च अधिकारियों को भी भेजी गई हैं ताकि वे स्थिति की गंभीरता को समझ सकें। इस अवसर पर निष्कर्ष निवारिया,ललिता देशमुख, राकेश देवड़े, राजेश पटेल, पवन प्रजापति,भरत पिछोलिया , विलाश ठाकरे, धारासिंह चंदेल, कुलदीप सिंह राजपुत इत्यादि के अलावा कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

---

# स्नान कुंड के गंदे पानी में स्नान करने पर मजबूर हो रहे श्रद्धालु, पंचायत की लापरवाही आई सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

क्षेत्र के प्राचीन तीर्थ स्थल चन्द्रकेश्वर पर पंचायत करोंदिया की लापरवाही सामने आई है। जहां स्नान कुंड में भरें मटमेले गंदे पानी में स्नान करने पर श्रद्धालु मजबूर नजर आ रहे हैं। जानकारी अनुसार 19 मार्च को भूतडी अमावस्या पर चन्द्रकेश्वर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे।

अमावस्या के पहले से ही रविवार से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है और कुंड में मटमेले गंदे पानी में स्नान कर रहे हैं। जानकारी अनुसार अमावस्या पर जिले सहित आसपास के कई जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु चन्द्रकेश्वर पर आते हैं, जहां पर उनके लिए पूर्व में उचित व्यवस्थाएं होती थी, लेकिन इस बार पंचायत व जिम्मेदारों की लापरवाही सामने आई है। गंदे एवं मटमेले पानी में स्नान करने पर श्रद्धालु मजबूर नजर आ रहे हैं। सोमवार के दिन जब मौके



पर जाकर देखा तो स्नान कुंड में मटमेला गंदा पानी भरा हुआ था, जिसमें कई बड़ी तादात में कचरा भी नजर आ रहा था।

ग्राम पंचायत करौंदिया के अंतर्गत यहां पर अमावस्या के उपलक्ष्य में सारी व्यवस्थाएं की जाती है। मेले का आयोजन होता है लेकिन इस बार पंचायत की लापरवाही यहां पर देखने को मिली है, बाहर से आए श्रद्धालुओं ने बताया कि यहां पर पर्याप्त पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं है और कुंड में गंदा मटमेला पानी भरा हुआ है, जिसमें मजबूरन स्नान करना पड़ रहा है।

**की जाएंगी व्यवस्थाएं**

कुंड में पानी की व्यवस्था के लिए मोटर चालू कर दी गई है, मटमेले पानी को दिखवाता हूं, सोमवार शाम तक सारी व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से कर दी जाएगी।

**तेजसिंह बागवान,** सचिव पंचायत करौंदिया

---

शक्ति माताजी मंदिर परिसर में रोटरी क्लबों की सेंटर क्लस्टर चौपाल संपन्न

# सामूहिक प्रयास से नए सदस्यों को जोड़ने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरासा




रोटरी क्लब भौंरासा, हाटपीपल्या, देवास एवं सोनकच्छ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को शक्ति माताजी मंदिर परिसर में रोटरी इंटरनेशनल मंडल 3040 की सेंटर क्लस्टर चौपाल का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न रोटरी क्लबों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत हाटपीपल्या के पूर्व अध्यक्ष कृपाल सिंह उदावत द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ करने की घोषणा से हुई।

इसके पश्चात सहायक मंडलाध्यक्ष दिनेश कारपेंटर ने चतुर्विद मंत्र का वाचन किया। रोटरी क्लब भौंरासा के अध्यक्ष डॉ. रूप सिंह नागर ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यक्रम चेयरमैन प्रदीप मंत्री ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा एवं मंडल की प्रथम महिला रूबी मल्होत्रा का भव्य स्वागत किया गया। दोनों का घोड़े पर बैठाकर पुष्प वर्षा के साथ सम्मानपूर्वक कार्यक्रम स्थल तक स्वागत किया गया, जिससे पूरे परिसर में उत्साह का वातावरण बन गया। कार्यक्रम में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सत्यनारायण लाठी, पीडीजी अतुल गर्ग एवं आईपीडीजी अनीश मलिक ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए रोटरी की सेवा गतिविधियों को समाज में और व्यापक रूप से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रोटरी फाउंडेशन, सामुदायिक सेवा प्रकल्प, सदस्यता विस्तार तथा पब्लिक इमेज को मजबूत बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने रोटरी के सेवा कार्यों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने और नए सदस्यों को जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान फाग उत्सव, फूलों की होली एवं लक्की ड्रॉ जैसे आकर्षक आयोजन भी किए गए। भजन सम्राट द्वारका मंत्री ने अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक रंग प्रदान किया। कार्यक्रम में इंदौर, धार, देवास, भौंरासा, हाटपीपल्या, सोनकच्छ सहित 18 क्लबों के अध्यक्ष, सचिव एवं मंडल पदाधिकारीगण के साथ भौंरासा नगर पालिका अध्यक्ष संजय जोशी, नगर उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, बीजेपी मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा , सुमेर सिंह नागर सरपंच कंकड़दा, क्लब सचिव किशोर वर्मा, महेश चंद्र राठौर, हिमांशु दुबे सहित 200 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लब सोनकच्छ के अध्यक्ष दिनेश राठौर ने किया, जबकि आभार रोटरी क्लब देवास के अध्यक्ष डॉ. सचिन नागर, पूर्व अध्यक्ष कन्हैयालाल खाटवा, राजेंद्र सिंह यादव आचार्य,रघुवीर सिंह ठाकुर, ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा द्वारा सभी क्लबों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, रोटेरियन्स एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन रोटरी के सेवा भाव, आपसी समन्वय और सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

---

# पुलिस ने छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

पुलिस पुनीत गेहलोत के अभियान अंतर्गत एएसपी सौम्या जैन, एसडीओपी संजय सिंह बैंस के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए युवती का पीछा कर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी मोहित पिता लक्ष्मी नारायण जाट उम्र 25 साल निवासी ग्राम लसूडिया लाड को महज 48 घंटो में गिरफ़्तार कर लिया। 14 मार्च को युवती द्वारा उसका पीछा कर छेड़छाड़ करने संबंधी शिकायत की गई थी।कमलापुर थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने अपराध पंजीवध कर विवेचना में लिया। मीणा ने तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी मोहित जाट की लगातार तलाश की, इसके उपरांत सोमवार को गिरफ्तार कर बागली न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई में प्र.आर.अरुण आर्य यादव, प्रधान आरक्षक रायचंद झोड़िया, कोर्ट मुंशी आरक्षक लोकेश मेहरा, आरक्षक विवेक गांगे की महत्वपूर्ण एवं प्रशंसनीय भूमिका रही।

खबर संक्षेप

## फर्जी दस्तावेज से प्लॉट बेचने का आरोप 34 लाख की ठगी

**ललितपुर।** जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपये की ठगी और फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने का मामला सामने आया है। कोतवाली ललितपुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और धमकी देने समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के शांतिनगर निवासी अरविंद कुमार जैन पुत्र गोकुलचंद जैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी मुलाकात ललितपुर निवासी बृजकिशोर शर्मा से हुई थी। बृजकिशोर शर्मा ने आरटीओ नहर रोड के पास स्थित लगभग 1.22 एकड़ जमीन बेचने का प्रस्ताव दिया और जमीन का सौदा करीब 34 लाख रुपये में तय हुआ। दोनों पक्षों के बीच इस संबंध में रजिस्टर्ड एग्रीमेंट भी किया गया था। पीड़ित के अनुसार समझौते के अनुसार उन्होंने अलग-अलग तारीखों में बैंक के माध्यम से आरोपियों को किस्तों में रुपये दिए। इसमें से लगभग 14,02,000 रुपये अरुण शर्मा के एचडीएफसी बैंक खाते में और करीब 20,63,155 रुपये बृजकिशोर शर्मा के यूनियन बैंक खाते में जमा किए गए। आरोप है कि पूरी धनराशि प्राप्त करने के बाद भी आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं की और टालमटोल करते रहे। पीड़ित जब जमीन की जानकारी लेने तहसील पहुंचा तो उसे पता चला कि जिस जमीन का सौदा उससे किया गया था, उसी जमीन के कई प्लॉट फर्जी दस्तावेज तैयार कर अन्य लोगों के नाम रजिस्ट्री कर दिए गए हैं। आरोप है कि इस पूरे मामले में अरुण शर्मा और मनोज शर्मा भी बृजकिशोर शर्मा के साथ शामिल थे। पीड़ित के अनुसार 20 फरवरी 2026 को तुवन चौराहे पर पंचायत के दौरान जब उसने अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने इस धमकी की ऑडियो रिकॉर्डिंग होने का भी दावा किया है। कोतवाली ललितपुर पुलिस ने मामले में बृजकिशोर शर्मा, अरुण शर्मा और मनोज शर्मा के खिलाफ तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## युवती को भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के एक गांव में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महिला ने थाना बार में दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री बीती 11 मार्च 2026 की रात करीब एक बजे घर से लापता हो गई। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बाद में जानकारी मिली कि एक गांव निवासी नीरज राजा पुत्र स्व.हल्के राजा उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पीड़िता की मां का आरोप है कि इस घटना में राजू लुहार नामक युवक ने भी सहयोग किया है। पुलिस ने शिकायत पर दोनों मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### तीर्थ चक्रवर्ती मुनिसंघ के सानिध्य में पंचकल्याणक महोत्सव, प्रमुख पात्र चयनित

# प्राचीन-नवीन प्रतिमाओं का पंचकल्याणक सातिशय पुण्य का कारणः सुधासागर

## धन्यकुमार एड बने महामहोत्सव के सौधर्म इंद्र और अनुपम अनौरा धनपति कुबेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्री अभिनंदनोदय तीर्थ क्षेत्र क्षेत्रपाल मंदिर ललितपुर में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए तीर्थचकवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज ने जीवन में पुण्य की महिमा बताते हुए कहा परिणामों में आकुल व्याकुल नहीं होना चाहिए। जन्म जन्म से प्रभु की भक्ति साधु संगति और सेवा में शुभ भाव आते हैं और जीवन धर्म की ओर बढ़ता है। पुरानी मूर्ति का जीर्णोद्धार और नवीन मूर्ति के पंचकल्याणक एक साथ दोनो होना सातिशय पुण्य का कारण बताते हुए मुनि श्री ने कहा यह अपने आप में अनूठा संयोग है। उन्होने कहा भगवान शान्तिनाथ के एक साथ तीन पंचकल्याणक श्रावको को मिल रहे हैं वह अहोभाग्य जहां प्रभु आराधना का अवसर मिलेगा।

धर्म सभा को शुभारम्भ में मुनिश्री सुधासागर महाराज का पादप्रक्षालन जैन पंचायत के साथ शान्तोदय, देवोदय एवं सतोदय तीर्थ के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। महिला मण्डल द्वारा संगीतमय मुनि श्री की पूजन हुई जिसमें भक्तिपूर्वक अर्घ समर्पित किए गए। धर्मसभा का संचालन महामंत्री आकाश जैन एवी गैस द्वारा किया गया। मुनि संघ के सानिध्य में आगामी 8 अप्रैल से 13 अप्रैल तक शान्तोदय तीर्थ जहाजपुर में सम्पन्न होने वाले पचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पात्रों का चयन ब्रहमचारी प्रदीप भैया सुयश के संयोजन में हुआ जिसमें देवेन्द्र सराफ निहारिका साडी को भगवान के मातापिता, उमादेवी धन्यकमार जैन एड सैदपुर को सौधर्म इन्द्र, मालतीदेवी विकास जैन करमई को महायज्ञनायक, अनुपम जैन अन्तू अनौरा को धनपति कुवेर, आलोक कुमार नीलेष चौधरी को भरत चक्रवर्ती इन्द्र, प्रेमचंद नीरज जैन चढरउ को बाहुबलि, अंकित जैन मोनू थनवारा को राजा श्रयांस, राजकुमार अरविन्द अंकुर कुम्हैण्डी को राजा सौम, ध्वजारोहणकर्ता चन्द्रकला जैन डा रमेश जैन



धौर्रा मनोरमा जैन डा अरविन्द जैन आप्टीकल्स को विधिनायक, वीणा जैन डा अजय जैन को ईशान इन्द्र, धर्मेन्द्र कुमार संजीव जैन गुड को सानत इन्द्र, अजय कुमार सुनील कुमार जैन परिवार को माहेन्द्र, जितेन्द्र कुमार रागनी जैन शिवाजी को ब्रहमेन्द्र बनने का पुर्णाजन हुआ। जवकि 15 फीट उत्तंग पदमासन मूर्ति विराजमान एवं तिलकदान का पुर्ण्यजन शीलावाई मातेश्वरी सुनील कुमार नीलेश समैया परिवार को मिला। धर्मसभा में प्रमुख रूप से जैन पंचायत के अध्यक्ष डॉ अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, संयोजक सनत जैन खजुरिया, मंदिर प्रबंधक मोदी पंकज जैन, अशोक दैलवारा, धार्मिक अयोजन संयोजक प्रतीक इमलिया, राकेश जैन रिंकु, श्रेष्ठी शीलचंद अनौरा, अखिलेश गदयाना ,राजेन्द्र जैन थनवारा, अक्षय अलया मीडिया प्रभारी, संजीव जैन ममता स्पोर्ट, जिनेन्द्र जैन डिस्को, अरविन्द जैन आप्टीशियन, धन्यकुमार जैन, मनोज जैन बबीना, नरेन्द्र जैन छोटे पहलवान, संजय जैन सुल्लन, वैभव जैन टिन्ना, स्वदेश गोयल, सौरभजैन पीलू प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सायंकाल जिज्ञासा समाधान कार्यकम आलोक जैन शास्त्री के संयोजन में सम्पन्न हुआ जिसमें अनेकों आवकों ने अपनी शंकाओं का समाधान निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधासागर महाराज द्वारा पाया जिसमें उन्होने श्रावकों को धर्म से जुडने एवं समाजिक कार्यों में सक्रिय रहने की प्रेरणा दी। प्रातःकाल मुनिपुंगव श्रमण मुनि सुधासागर महाराज ने ससंघ नगर के आदिनाथ जैन बडा मंदिर, पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन नया मंदिर के दर्शन किए जहां श्रावको ने मुनि श्री की आरती उतारी और पादप्रक्षालन कर अगुवाई की। इस दौरान उन्होने मंदिर निर्माण कार्यों को देखा और मार्गदर्शन किया। नया मंदिर जैन वीर व्यायामशाला जिम्नेजियम में पहुंचकर मुनि ने व्यवस्थाओं को देखा जहां पदाधिकारियों को आर्शीवाद प्रदान किया।

### 8 दिवसीय कार्यक्रम होगा

## श्रीहनुमान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव को लेकर प्रथम निमंत्रण पत्र श्रीतुवन सरकार को अर्पित किया तथा मंदिर महंत रामलखन दास से मुलाकात कर 8 दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी दी व निमंत्रण पत्र महंत को सौंपा।

1 अप्रैल दिन सोमवार को सुंदर कांड रात्रि 8 बजे से व रात्रि 12 बजे से जन्मोत्सव, 2 अप्रैल गुरुवार सुबह 7 बजे से भव्य श्रृंगार दर्शन हवन पूजन व प्रसाद वितरण किया जायेगा। विशाल शोभायात्रा शाम 4.30 बजे से तुवन मंदिर से आरंभ होगी, जो कि अपने निर्धारित मार्ग सदर कांटा, महावीरपुरा, रावरपुरा, चौबयाना, नदीपुरा, सावरकर चौक, घंटाघर होते हुए तुवन मंदिर पर समापन होगा। 3 अप्रैल शुक्रवार व 4 अप्रैल शनिवार को संगीतमय अखंड रामायण पाठ, 5 अप्रैल रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के नृत्य एवं गायन 6 अप्रैल सोमवार कवि सम्मेलन, 7 अप्रैल मंगलवार को भजन संध्या, परशुराम अवस्थी द्वारा शाम 7 बजे से 8 अप्रैल श्रीसत्यनारायण की कथा के साथ समापन होगा व अति शीघ्र आम सभा की बैठक व अखाड़ों की बैठक भी बुलाई जाएगी। इस दौरान समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामाकांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, संयोजक जगदीश पाठक, पं.रमेश रावत, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, मंत्री राकेश तामिया, संगठन मंत्री भरत रिछारिया, अवधेश कौशिक, शिवकुमार शर्मा, मुन्नालाल त्यागी, सतेंद्र यादव सेतु, शुभम कौशिक, के.के. साहू आदि उपस्थित थे।

### क्षुल्लक जिनेंद्र वर्णी अहिंसा एवं जन चेतना राष्ट्रीय पुरस्कार

## जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय की सहायक आचार्य डा. लिपि जैन को पुरस्कार मिला



**ललितपुर।** प्राच्य विद्या एवं जैन संस्कृति संरक्षण संस्थान जयपुर के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष तीन राष्ट्रीय पुरस्कार उत्कृष्ट लेखन एवं जैन दर्शनविद् मनीषीयों को प्रदान किए जाते हैं। जिसमें जैन विश्व भारती संस्थान की सहायक आचार्य डा.लिपि जैन को अहिंसा एवं जैन जीवन शैली, पर्यावरण, जन-चेतना, गांधी दर्शन आदि विषयों पर उल्लेखनीय लेखन कार्य के लिए व आपकी पुस्तक विकास- गांधी एवं आचार्य महाप्रज्ञ दृष्टि को क्षुल्लक जिनेंद्र वर्णी अहिंसा एवं जन चेतना राष्ट्रीय पुरस्कार 2023 से पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार संस्था के अध्यक्ष प्रो.जिनेंद्र कुमार जैन, वरिष्ठ गजलकार राजेश विद्रोही, चिंतक रामकुमार तिवारी, वरिष्ठ कवि गौरी शंकर भावुक एवं प्रेमलता बागवानी के द्वारा प्रदान किया गया। संस्था के अध्यक्ष प्रो. जिनेंद्र कुमार जैन ने जानकारी देते हुए कहा कि पुरस्कार स्वरूप आपको प्रशस्ति-पत्र स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र, शास्त्र व पुरस्कार राशि 11 हजार रुपए नकद प्रदान की गई। इस अवसर पर डा. लिपि जैन को सैकड़ों लोगों ने बधाई दी।

### भ्रष्टाचार निवारण टीम की कार्रवाई

## पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते राजस्व लेखपाल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जनपद के तालबेहट तहसील परिसर में सोमवार को भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक राजस्व लेखपाल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने लेखपाल के साथ उसके एक सहयोगी को भी पकड़ा है। जानकारी के अनुसार तालबेहट क्षेत्र के ग्राम बिजरौठा निवासी जगन्नाथ साहू अपनी जमीन को आवासीय/व्यावसायिक उपयोग में परिवर्तन कराने के लिए धारा 80(1) की रिपोर्ट लगवाना चाहते थे।

आरोप है कि इसके लिए राजस्व लेखपाल दीपेश कुमार सिंह द्वारा उनसे 5 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) झांसी से की। शिकायत के आधार पर टीम ने योजना बनाकर जाल बिछाया। सोमवार दोपहर करीब 12.20 बजे तहसील परिसर स्थित सरकारी आवास के बाहर जैसे ही लेखपाल ने शिकायतकर्ता से 5 हजार रुपये लिए, तभी पहले से घात लगाए बैठी टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया। कार्रवाई के दौरान लेखपाल के साथ मौजूद उसके सहयोगी सत्यम साहू को भी टीम ने हिरासत में ले लिया। दोनों को पकडऩे के बाद टीम ने उन्हें तालबेहट थाने ले जाकर पूछताछ की। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम की तहरीर पर थाना तालबेहट में दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही थी। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। इस कार्रवाई से तहसील परिसर में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।

## 6.89 किलो अवैध गांजा के साथ महिला सहित 3 तस्कर गिरफ्तार

**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने रेलवे नर्सरी के पास से महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 6.890 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार 15 मार्च को उपनिरीक्षक आलोक कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग रेलवे नर्सरी माल गोदाम के पास सरकारी वाटर पंप के पास बैग में अवैध गांजा लेकर खड़े हैं और मौके से भागने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर तीन संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम रामजी तिवारी निवासी छतरपुर (मध्य प्रदेश), अजित बेहरा निवासी बलांगीर (ओडिशा) और उसकी पत्नी कायवती बाग बताए। तलाशी के दौरान इनके बैग से अलग-अलग पैकेटों में रखा गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल कराने पर कुल 6.89 किलो गांजा बरामद होने की पुष्टि की। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ओडिशा से गांजा खरीदकर मध्य प्रदेश के छतरपुर में बेचने के लिए ले जा रहे थे। ललितपुर रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद पुलिस की चेकिंग देखकर वे रेलवे नर्सरी के पास छिपकर बैठे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कोतवाली ललितपुर में एनडीपीएस की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### काशीराम की जयंती पर आयोजन

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों का इलाज



**ललितपुर।** काशीराम की जयंती पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक व प्रदेश महासचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ डा.खेमचंद वर्मा रहे। यह स्वास्थ्य शिविर सदन शाह चौराहा स्थित लाल पैथोलॉजी पर आयोजित किया गया। शिविर में दर्द एवं खेलकूद विशेषज्ञ डा.रोहित शर्मा ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। शिविर में कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों का दर्द, कंधे का दर्द, साइटिका तथा खेल चोटों से पीड़ित मरीजों का परीक्षण किया गया। डा.रोहित शर्मा ने कहा कि आजकल गलत जीवनशैली और खान-पान की वजह से लोगों में हड्डियों और जोड़ों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। समय पर उपचार और नियमित व्यायाम से इन समस्याओं से बचा जा सकता है। साथ में लैब तकनीशियन मनीष पटवारी डाक्टर लाल पैथ लैब वालों ने ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच निशुल्क की। इस दौरान राकेश रजक, मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह, शशिकांत दीक्षित सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजा राजपाल सिंह, मोहन सिंह चंदेल, समरथ कुशवाहा, सीताराम राय, दीपक रैकवार, सौरभ, अनिल, सुरेंद्र, विशाल जोसेफ, आरती पाल, रोशनी राजपूत, नीलम पटवारी, आशा कुशवाहा, अभिषेक कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### 19 से 28 मार्च तक होंगे धार्मिक कार्यक्रम

## मां विंध्यवासिनी की प्राण प्रतिष्ठा की रूपरेखा तय



ललितपुर। शहर के नदीपुरा स्थित श्रीश्री 1008 श्री रामजानकी व श्रीसंकट मोचन धाम में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें श्रीश्री 1008 श्री मां विंध्यवासिनी महारानी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की रूपरेखा तय की गई। बैठक में मंदिर समिति और श्रद्धालुओं को कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सभी आमजन से समारोह में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई। बैठक में बताया गया कि श्री संकट मोचन मंदिर, नदीपुरा में माँ विंध्यवासिनी महारानी की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य धार्मिक अनुष्ठान 19 मार्च से 28 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन विभिन्न वैदिक एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पुजारी जी ने बताया कि 19 मार्च को जल यात्रा (कलश यात्रा), श्रीगणेश पूजन, पीठ निर्माण एवं दुर्गा पाठ के साथ अनुष्ठान की शुरुआत होगी। 20 मार्च को पीठ पूजन, प्रायश्चित स्नान एवं जलाधिवास तथा 21 मार्च को अन्नाधिवास, घृताधिवास और गंधाधिवास का कार्यक्रम होगा। इसी क्रम में 22 मार्च को धूपाधिवास, वस्त्राधिवास, पुष्पाधिवास, औषधिवास और मिष्ठानाधिवास जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। 25 मार्च को देव स्नान, सहस्त्रधारा स्नान, रथ यात्रा और नगर भ्रमण का आयोजन किया जाएगा। वहीं 26 मार्च को मूर्ति न्यास एवं माँ विंध्यवासिनी महारानी की प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान होगा। 27 मार्च को हवन-पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा, जबकि 28 मार्च को श्री सत्यनारायण कथा और भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस धार्मिक आयोजन में तुवन मंदिर के महंत रामलाखन दास महाराज, नृसिंह मंदिर महंत गंगादास महाराज, श्रीचंडी माता मंदिर के महंत स्वामी चन्द्रेश्वर गिरि महाराज तथा श्रीहनुमान धारा मंदिर महंत श्रीराधा मोहनजी महाराज सहित कई संत-महात्माओं का सान्निध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम के प्रतिष्ठाचार्य पं. कृष्णकांत शास्त्री होंगे। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पावन आयोजन में शामिल हों और धर्म लाभ प्राप्त करें।

## हजरत बाबा सदनशाह मस्जिद में तरावीह मुकम्मल, इमाम को तोहफे में स्कूटी दी



**ललितपुर।** इबादत के पाक महीने रमजान की रौनकों के बीच शहर की ऐतिहासिक हजरत बाबा सदनशाह मस्जिद से मुहब्बत और अकीदत की एक बेहद शानदार तस्वीर सामने आई है। रमजान का चांद नजर आने के बाद तरावीह का सिलसिला शुरू हुआ। रविवार को कुरान मुकम्मल होने पर जश्न और दुआओं का मंजर देखने को मिला। मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती नौशाद जमाली ने पूरे एहतराम और खुश-अलहानी के साथ तरावीह की नमाज में कुरान मुकम्मल कराया। उनके साथ मौजूद हाफिजों और उलेमाओं ने इस रूहानी सफर में अपना अहम योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में उलेमाओं और हाफिजों का इस्तकबाल (स्वागत) किया गया।

### मोहल्ले वासियों ने स्कूटी दी

इस मौके पर मोहल्ले वासियों ने अपने पेश इमाम के प्रति अटूट मोहब्बत और सम्मान का इजहार किया। मुफ्ती नौशाद जमाली की सेवाओं और उनकी शख्सियत से मुतासिर होकर लोगों ने उन्हें नयी स्कूटी तोहफे में भेंट की। यह सिर्फ एक तोहफा नहीं, बल्कि इमाम के प्रति मोहब्बत और उनके द्वारा दी जा रही दीनी तालीम का शुक्रिया अदा करने का एक छोटा सा जरिया है।

### अमन-चैन के लिए दुआएं मांगी

कुरान मुकम्मल होने की खुशी में सलातो-सलाम पेश किया गया। इसके बाद बारगाहे इलाही में मुल्क की खुशहाली, भाईचारे और अमन-चैन के लिए खास दुआ मांगी गई। इस दौरान पूरा माहौल भक्ति और रूहानियत के रंग में डूबा नजर आया।

### महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने महिलाओं की पीड़ा सुनी

# महिला अपराधों में त्वरित कार्रवाई कर पीड़िता को न्याय दिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती अर्चना पटेल ने सोमवार को पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के लिए महिला जनसुनवाई कर अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये।

उन्होंने जनसुनवाई करते हुए कहा कि महिला अपराधों पर पूर्णतः लगाम लगाना सरकार की प्राथमिकता है, इसके लिए सरकार हर स्तर पर महिला सम्बंधी कानूनों को मजबूत कर रही है, जिसका उदाहरण प्रत्येक पुलिस थाने में महिला हेल्प डेस्क है। सरकार द्वारा हर स्थिति में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नम्बर 1090, 112 जारी किये हैं। इसके साथ ही प्रत्येक जिले में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है, अधिकारों के बारे में जागरुक किया जाता है। उन्होंने पिछली जनसुनवाई में आये सन्दर्भों की समीक्षा की



और नये सन्दर्भों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आज जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनका निस्तारण अगली जनसुनवाई तक सुनिश्चित करायें, किसी भी दशा में शिकायतें लंबित न रहें। जनसुनवाई के दौरान कुल 26 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, शेष शिकायतों को सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये गए। जनसुनवाई के दौरान धौर्रा में स्थापित अटल आवासी विद्यालय में तैनात महिला गार्ड को वहां के सुपरवाईजर द्वारा लगातार प्रताणित किये जाने व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की गई, पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि विद्यालय में तैनात सुपरवाईजर विनय सेंगर उन्हें लगातार प्रताणित करता आ रहा है और उसने 11 मार्च को उसने गालियां देते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी, जिसकी थाना जाखलौन में की, किन्तु कोई कार्रवाई न होना बताया, जिसको गंभीरता से लेते हुए महिला आयोग की सदस्या ने मौके पर सहायक श्रम आयुक्त और अटल आवासीय विद्यालय के प्रिंसिपल से दूरभाष पर वार्ता की और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देश दिये कि वह सुपरवाइजर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्यवाही कर पीढ़िता को राहत प्रदान करें।

इसी प्रकार शहर के पिसनारीबाग की शिकायतकर्ता ने विपक्षीगणों द्वारा उनकी फसल जलाने व उनके साथ मारपीट करने की शिकायत की, इस पर क्षेत्राधिकारी सदर को मामले का संज्ञान लेते हुए त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। जनसुनवाई में घरेलु हिंसा, छेड़छाड़, राशन, पुलिस, स्वास्थ्य सम्बंधी शिकायतें भी प्राप्त हुईं, जिनमें अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में निस्तारण कराते हुए अवगत कराने के निर्देश दिये गए। जनसुनवाई के उपरान्त महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में सदस्य राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में 23 नवजात बालिकाओं के जन्म पर कन्या जन्मोंत्सव का कार्यक्रम आयोजन किया गया। नवजात बालिकाओं की माता को पौधा, गमला, कैरी बैग, ड्राई फूड, मिष्ठान, नवजात बच्चियों के लिए कपड़े व प्रमाण पत्र दिया गया एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

सदस्य ने सखी वन स्टॉप सेन्टर व चाइल्ड हेल्प लाइन सेन्टर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिसमें पाया गया कि वन स्टॉप सेन्टर के सामने डायलेसिस सेन्टर का गंदा पानी भरा पाया गया, जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है, मौके पर सीएमएस को निर्देश दिये गए कि वे तत्काल गंदे पानी का निस्तारण कराकर पर्याप्त साफ-सफाई करायें। उप जिलाधिकारी घनश्याम भारतीय, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर सुनील भारद्वाज, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी व पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे, वहीं महिला चिकित्सालय में डॉक्टर श्रुति, डॉ सौरभ सक्सेना, महिला थानाध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, महिला कल्याण विभाग से ममता श्रीवास, खुशबू, जिला बाल संरक्षण इकाई, हब, वन स्टॉप सेंटर, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### कंपनी एक मात्र सहित कुरावर नगर परिषद की दमकल ने समय रहते पाया आग पर काबू

**लाखों के माल का नुकसान, मशीनों के ऑटोमैटिक होने से बची जनहानि**

# पीलूखेड़ी स्थित ओसवाल डेनिम ग्रुप की कपड़ा फैक्ट्री में लगी आग



### सजगता से अन्य प्लांट जलने से बचे

उल्लेखनीय है कि इस कपड़ा फैक्ट्री के पास ही अन्य प्लांट भी स्थित हैं। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आग दूसरे प्लांटों में भी फैल सकती थी पर समय रहते आग बुझा दी गई और बड़ा हादसा टल गया।

### प्लांट में नहीं थे कर्मचारी और मजदूर

घटना के बाद कुछ समय के लिए फैक्ट्री क्षेत्र में भय का माहौल निर्मित हो गया पर चूंकि जिस स्थान पर आग लगी वहां कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, इसलिए किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के पीलूखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित ओसवाल डैनिम ग्रुप की कपड़ फैक्ट्री में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई। फैक्ट्री से आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठने पर परिसर में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। प्रशासन को सूचना मिलती ही कुरावर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड और फैक्ट्री में खड़ी एकमात्र दमकल ने किसी तरह आग पर काबू पाया। गनीमत से घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

आपको बतादें कि यह ओसवाल ग्रुप की कपड़ा फैक्ट्री है जिसमें विभिन्न किस्मों के पकड़े तैयार होते हैं। जिस प्लांट में यह आग लगी, वहां फैक्ट्री के भीतर आवश्यक आद्रता (ह्यूमिडिटी) को बनाए रखने का काम किया जाता है। यह प्लांट पूरी तरह ऑटोमैटिक सिस्टम पर आधारित है और यहां किसी भी प्रकार का श्रमिक कार्य नहीं करता। इसका मुख्य उद्देश्य धागा बनाने वाली मशीनों के लिए जरूरी आद्रता को नियंत्रित करना होता है, ताकि उत्पादन के दौरान धागा टूटने जैसी समस्या न आए पर किन्हीं भी तकनीकी कारणों से मशीनों ने आग पकड़ और भयावह रूप ले लिया।

### दूसरे प्लांट में मजदूर कर रहे थे काम

ह्यूमिडिटी प्लांट से करीब 25 से 30 मीटर दूरी पर स्थित दूसरे प्लांट में मजदूर धागा बनाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान प्लांट के अंदर तकनीकी खराबी के कारण आग लग गई। आग फैलने से प्लांट के भीतर एफआरपी (फाइबर रिइनफोर्स्ड प्लास्टिक) की दीवारों में आग पकड़ गई,



जिससे काला धुआं फैक्ट्री परिसर के बाहर तक दिखाई देने लगा। फैक्ट्री से धुआं उठता देख पास के प्लांट में काम कर रहे मजदूरों ने तत्काल प्रबंधन को सूचना दी। इसके साथ ही प्रशासन को भी मीडिया द्वारा सूचित किया गया। इसके उपरान्त कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने नरसिंहगढ़ एसडीएम, तहसीलदार को निर्देश देते हुए आसपास की सभी दमकल मौके पर भिजवाने के निर्देश दिए। समीप सिर्फ कुरावर की दमकल थी एवं फैक्ट्री की एक दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

### इनका कहना है...

फैक्ट्री के ह्यूमिडिटी प्लांट में तकनीकी कारणों से आग लगी थी। किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है क्योंकि प्लांट पूरी तरह ऑटोमैटिक है। प्रशासन और कंपनी की फायर बिग्रेड ने आग पर समय रहते काबू पा लिया।

**मदन गोपाल चौधरी, यूनिट हेड ओसवाल डेनिम, पीलूखेड़ी जिला राजगढ़**

सूचना मिलते ही नरसिंहगढ़ एसडीएम को निर्देशित करते हुए आसपास की दमकल मौके पर भिजवा दी गईं। आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। जनहानि नहीं हुई है।

**डॉ. गिरीश मिश्रा कलेक्टर, राजगढ़**

### राज्य शिक्षक संघ के नेतृत्व में आहूत हुई बैठक

# शिक्षकों ने किया टीईटी का पुरजोर विरोध, बनाई रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) के संबंध में गत दिवस जारी किए आदेश का जिले के शिक्षकों द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है। पिछले दिनों उक्त आदेश पर तीखा आक्रोष जाहिर करते हुए विभिन्न शिक्षक संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया था।

इसी क्रम में रविवार दोपहर राज्य शिक्षक संघ की जिला ईकाई द्वारा खिलचीपुर में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में टीईटी का मुद्दा सबसे अहम रहा और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता सहित अन्य महत्वूपर्ण विषय पर संगठना पदाधिकारी एवं सदस्यों ने चर्चा करते हुए आगे की रणनीति तैयार की। हालांकि, रणनीति क्या रहेगी इस बारे में पदाधिकारियों ने स्पष्टतः नहीं बताया है।

### शिक्षकों ने व्यक्त किए अपने-अपने विचार

बैठक में शिक्षकगणों ने अपने-अपने विचार भी सभी सांझा किए एवं सभी ने एकजुट होकर अपना दायित्व निवर्हन करने की बात कही। इस अवसर पर संघटना के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश शर्मा जिलाध्यक्ष सुरेश दांगी, जिला संयोजक मुकेश विजयवर्गीय, गोपाल दांगी, महेश बैरागी, नाहिद खान, सत्यनारायण बैरागी, दीपक सेन, कैलाशचंद्र दांगी, हरिनारायण सेन, राकेश यादव, ज्योति बैरागी, वंदना दासोरे, भावना वर्मा, लीलावती, देवनारायण दांगी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जीरापुर।** स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में एनटीएफ के तहत प्रभारी प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें अलग-अलग दिन में विभिन्न आयोजनों का आयोजन हुआ। प्रबंधन ने बताया कि रचनात्मक पोस्टर, आत्मरक्षा चुनौती सप्ताह अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही मानसिक शांति के लिए लघु कहानी लेखन, महिला दिवस के विशेष अवसर पर सेल्फडिफेंस केंप एवं ध्यान का विशेष सत्र आयोजित किया गया। विद्यार्थियों के लिए मनोज कुमार शर्मा, आईपीएस पुलिस महानिरीक्षक, महाराष्ट्र पर आधारित प्रेरणास्पद फिल्म जिसका विषय बिना तनाव के अपने लक्ष्य को कैसे प्राप्त करे का प्रसारण किया गया। सभी कार्यक्रमों में पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, डॉ कमल सिंह अहिरवार, डॉ वंदना चुटेल, भुवनेश गुप्ता, कपिल वैष्णव, दिनेश दांगी, डॉ रीना पाटीदार, डॉ महेश नरवरिया, डॉ ओम प्रकाश गुप्ता मुकेश सेन, डॉ रश्मि सोनी, कनीज अंसारी, डॉ हेमेंद्र सिंह फौजदार, डॉ मनोहर परमार, रोहित मालवीय, केतन गुप्ता की भूमिका रही।

## एक दिवसीय दौरे पर सारंगपुर पहुंचे पूर्व मंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह लंबे समय के बाद सारंगपुर पहुंचे जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। एक दिवसीय दौरे के तहत जयवर्धन तलेन होते हुए सारंगपुर विस के ग्राम टिकोद, करोंदी, पिपलोदा, मंगलाज, सलसलाई होते हुए सारंगपुर पहुंचे।

बायपास पेट्रोल पंप पर उनका स्वागत किया गया। यह उन्होंने नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आपकी मेहनत रंग लगाएगी और हमारी सरकार 2028 में प्रदेश में बनेगी और 2029 में देश में भी कांग्रेस सरकार बनेगी और राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में किसान, गरीब, आमजन सबसे ज्यादा परेशान हैं पर हम इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।

### पूर्व मंत्री ने सरकार को घेरा

पूर्व मंत्री सिंह ने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है। संकट हमारे दरवाजे पर है। अगर सरकार ने तुरंत कदम नहीं उठाए तो एलपीजी, पेट्रोल और डीजल करोड़ों भारतीय परिवारों के लिए बड़ी समस्या बन जाएंगे। इस दौरान पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय, नंदलाल नागर, मोहम्मद अली, ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, बनवारीलाल मालवीय, प्रदीप सादानी, शफीक अंसारी, अभयसिंह सिसोदिया, जनपद सदस्य घनश्याम मालवीय, जसवंत राजपूत, लखन धनगर, समीर मेव, कैलाश सुरावत, महेश खाती, दिनेश पुरी, बाबू मालवीय, सुनील वर्मा, किशोर मालवीय आदि शामिल थे।

## सारंगपुर एबी रोड पर फूटी पाइप लाइन, रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के पुराने एबी रोड स्थित गणेश बिहार कॉलोनी के सामने पेयजल पाइपलाइन फूट जाने से सड़क किनारे घंटों तक पानी बहता रहा। इस लापरवाही के चलते आसपास के रहवासी और दुकानदार परेशान नजर आए। आपको बतादें कि यह कई दिनों से पाइपलाइन से पानी रिसकर सड़क किनारे जमा हो रहा है, जिससे गंदगी फैलने के साथ-साथ कीचड़ की स्थिति बन गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पाइपलाइन फूटने की सूचना कई बार संबंधित विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक मरम्मत के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पानी लगातार बहने से सड़क किनारे गड्ढों में गंदा पानी भर गया है, जिसमें कचरा भी जमा हो रहा है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही पाइपलाइन की मरम्मत नहीं कराई गई तो पानी की बर्बादी के साथ-साथ मच्छरों और बदबू से बीमारियां भी फैल सकती हैं। लोगों ने



जिम्मेदार विभाग से जल्द से जल्द पाइपलाइन ठीक करवाने की मांग की है, ताकि सड़क पर फैल रही गंदगी और पानी की बर्बादी को रोका जा सके।

### अधिकारी नहीं दे रहे हैं ध्यान

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर में जगह-जगह इस तरह की समस्याएं सामने आती रहती हैं, लेकिन समय पर समाधान नहीं होने से आम जनता को परेशानी उठानी पड़ती है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस समस्या पर कब तक ध्यान देता है। वहीं संबंधित विभाग से दूरभाष पर चर्चा करने की कोशिश की तो उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

### समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए शासन ने जारी की नीति

**राजगढ़।** मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग बीके चंदेल से प्राप्त निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जारी नीति के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित एसओपी जारी की गई थी। इसमें उपार्जन तिथि को संशोधित करते हुए इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में खरीदी 01 अप्रैल, 2026 से तथा शेष संभागों में खरीदी 07 अप्रैल, 2026 से किया जाएगा। गेहूं उपार्जन का कार्य सोमवार से शुक्रवार प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर किया जाएगा।

## दुर्लभ बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरुकता जरूरीः डॉ चरण

### मेडिकल कॉलेज में हुई कार्यशाला नवजात स्क्रीनिंग व आनुवंशिक जांच पर विशेषज्ञों ने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

दुर्लभ बीमारियों की रोकथाम, समय पर पहचान और उपचार को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में कार्यशाला हुई। यह कार्यक्रम एम्स भोपाल, मेडिकल कॉलेज विदिशा, इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) विदिशा और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार के संचालक डॉ बी.एस. चरण ने कहा कि दुर्लभ बीमारियों के प्रति



जागरूकता बढ़ाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों के मरीज कम होने के कारण फार्मा कंपनियां दवाओं के विकास में कम रुचि लेती हैं, जिससे उपचार महंगा और सीमित हो जाता है। मेडिकल कॉलेज विदिशा के शिशु रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ नीति अग्रवाल ने बताया कि जिले में दुर्लभ बीमारियों की रोकथाम और उपचार के लिए एम्स भोपाल को एक्सीलेंस सेंटर बनाया गया है। इससे जिले के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं की जन्म के तुरंत बाद स्क्रीनिंग संभव हो सकेगी और समय पर बीमारी का पता लगाकर इलाज शुरू किया जा सकेगा। एम्स भोपाल की जेनेटिक रोग प्रभारी डॉ भावना ढींगरा ने बताया कि दुनिया में लगभग 7 से 8 हजार दुर्लभ बीमारियां पाई जाती हैं। इनमें से अधिकांश बीमारियां आनुवंशिक कारणों से होती हैं।

### जिला स्तरीय आयोजन के लिए गठित की गई समिति

## भारत के पहले कानून मंत्री की धूमधाम से मनेगी जयंती

**सारंगपुर।** स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री एवं संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती इस वर्ष कुछ खास और बड़े आयोजनों के साथ मनाई जाने वाली हैं। आगामी 14 अप्रेल को डॉ. अंबेडकर जयंती के संबंध में कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा बनाने मुख्यालय स्थित पाटी वाली माताजी मंदिर परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर उत्सव सेवा समिति (राज फ्रेंड्स क्लब) द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जयंती अवसर पर निकाली जाने वाले जिला स्तरीय शोभायात्रा सहित अन्य आयोजनों को लेकर सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही जयंती को किस तरह



भव्यतम रूप दिया जा सकता है, इस संबंध में भी कार्ययोजना बनाई गई। आयोजन हेतु एक समिति भी गठित करते हुए दायित्व सौंपे गए। आयोजन समिति में दिलीप कुमार बामनिया अध्यक्ष, गजेंद्र वर्मा अब्बू को उपाध्यक्ष सहित साहिल नरवरे, नरेंद्र कुमार जादम, जुगराज वर्मा, आकाश संजोदिया, संदीप कटारिया, विशाल लावर, रवि वर्मा, दुलीचंद वर्मा, भगवान सिंह वर्मा राजवीर गढ़वाल, राजेंद्र कटारिया, देवेंद्र जादम सहित अन्य सम्मिलित किए गए हैं।

### समाज के हित हेतु कार्य करते रहने सभी ने रखे अपने-अपने विचार

## तंवर और गुर्जर समाज ने प्राकृतिक रंगों से मनाया होली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के तंवर एवं गुर्जर समाज के तत्वावधान में रविवार दोपहर अलग-अलग स्थानों पर होली मिलन समारोह आयोजित करवाए गए। तंवर समाज द्वारा मिडवे ट्रीट के सामने स्थित परिसर एवं गुर्जर समाज द्वारा खुजनेर रोड स्थित भगवान देवनारायण मंदिर परिसर में यह कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोनों ही कार्यक्रमों में समाजजनों के साथ ही सभी दलों के जनप्रतिनिधियों ने उत्साह के साथ शिरकत की। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सभी से आगृह किया कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को त्यागे, बालिका शिक्षा को बढ़ावा दें। इसके साथ ही समाज के लिए क्या अच्छा किया जा सकता है, समाज के बच्चों के भविष्य कैसे संवारे जा सकते हैं, इस बारे में भी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार सांझा किए।

### खूब उड़ा रंग, अबीर गुलाल, बजे ढोल

कार्यक्रमों में जमकर प्राकृतिक रंग, गुलाल उड़ा और ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते सभी ने एक-दूसरों को होली पर्व की बधाई दी। सभी ने परिवार, समाज और देश की सुख-समृद्धि की कामना के साथ समारोह को उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ ही पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित अन्य अधिकारियों ने भी शिरकत की। दोनों आयोजनों में मुख्यतः भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, भाजपा नेत्री मोना सुस्तानी, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, रघुनंदन शर्मा, जिपं सदस्य यशवंत गुर्जर, जगदीश गुर्जर सहित सभी सामाजिकजन व नागरिक उपस्थित रहे।

### पीएम किसान निधि के तहत हस्तांतरित हुई राशि

# राजगढ़ के ढाई लाख किसानों के खातों में पहुंचे 49 करोड़ 77 लाख



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कृषि विज्ञान केन्द्र राजगढ़ द्वारा गत दिवस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किशत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यद्यपि यह आयोजन पूरे देश के लिए था पर जिले के लिहाज से बात करें तो 2 लाख 48 हजार 700 किसानों के खाते में 49 करोड़ 77 लाख रूपये राशि हस्तांतरित करवाई गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रघुनन्दन शर्मा रहे। साथ ही वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुरेन्द्र कुमार कौशिक, उप संचालक कृषि सचिन जैन, एस.एल.आर. सतेंद्र चतुवेदी सहित जिल के प्रगतिशील किसान शामिली हुए। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि श्री जैन द्वारा कृषको को प्राकृतिक खेती, नरवाई प्रबंधन, धरती माता बचाओ कार्यक्रम, गेहूं की उन्नत प्रजातियां, स्प्रिंकलर, ड्रिप, मिनी ड्रिप से सिंचाई प्रबंधन की जानकारी दी। इस कार्यक्रम के लाईव प्रसारण के प्रदर्शन में अधिकारी गजाला खान का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. लाल सिंह तथा सुश्री इतिश्री राठौर द्वारा किया गया।